प्लास्टिक बैग - कितने हानिकारक

डॉ० चक्रेश कुमार जैन
वैज्ञा. " ई 1"
श्री तिलक रास सपरा
शोध सहायक

प्लास्टिक बैग का उपयोग न करें यह आपकी प्रगति में अवरोधक है।

"SAY NO TO PLASTIC BAG"

प्लास्टिक बैग जैविक अपघटय नहीं होते - इनको समाप्त नहीं किया जा सकता तथा जलाने पर इनसे विषैली गैसे निकलती हैं जो फेफड़ों तथा श्वाँस नली के लिए हानिकारक होती है।

प्लास्टिक बैग में हानिकारक रासायनिक डाइज होती है - प्लास्टिक बैग को रंगीन बनाने के लिए पिगमेन्ट/डाइ का उपयोग किया जाता है जो खाद्य पदार्थो को दूषित करती है तथा गुर्दे के लिए हानिकारक होती है।

प्लास्टिक बैग निकासी तंत्र को प्रभावित करते हैं - ये नालियों/सीवर व्यवस्था को अवरूद्ध कर देती है जिससे मच्छर एवं बैक्टीरियाँ इत्यादि जन्म लेते हैं। जिनके कारण माहमारी फैलती है।

- **प्लास्टिक बैग पौधों की वृद्धि में बाधा पहुँचाती है** - जैविक अपघटय न होने के कारण ये मृदा की उपजाऊ उपयोगिता एवं भूमि में जल के अन्तः स्त्रवण को प्रभावित करती है।

- **प्लास्टिक बैग जन्तुओं की मृत्यु का कारण बनती है** - प्लास्टिक बैग को निगलने वाले जन्तुओं की आँतो में यह फँसकर उनकी मृत्यु का कारण बनती है।

" इसलिये जब भी कभी खरीदारी के लिये जाये अपने कपड़े का बैग अवश्य साथ ले जाये। "

के बाद एक आलोकित हो रही थी । हमें भी मजा आया तो हम भी कुछ देर उन दृश्यों को निहारते रहे । थोड़ी देर बाद हमसे रहा न गया और हमने आदत से मजबूर उनसे पूछ ही लिया क्या आप सारे दिन यही करते हो ? मित्र पहले तो थोड़े से अचकचाये,चरित्र के स्क्रीन सेवर का मामला था । फिर उन्होंने भी हाजिर जवाबी का परिचय दिया और उत्तर दिया, मैं यह करता नहीं हूँ सिर्फ देखता हूँ और कुछ करने के लिये अपने दिमाग को तरोताजा करता हूँ । इतना कहकर उन्होंने स्क्रीन सेवर को लुप्त किया और मैने पाया कि Internet पर उनके कुछ महत्वपूर्ण कार्य चल रहे थे । लज्जित तो मैं थोड़ा सा हुआ लेकिन मन में अचानक विचार कौंधा कि क्या अपनी निजी जिंदगी में भी हम स्क्रीन सेवर का उपयोग इसीलिए किया करते हैं ? असहाय मन ने उत्तर दिया नहीं । हम यहां देखने के लिये नहीं वरन दिखाने के लिये स्क्रीन सेवर का उपयोग करते हैं । करते हम वही हैं जो हमारे संस्कार हैं । क्या इसे भी कोई खरीद पाया है आज तक ? आइये यहाँ आकर स्क्रीन सेवर को फिर यथास्थिति स्थापित कर देते हैं । यही मानव जीवन की विडंबना है।